## महत्वपूर्ण एवं खास

### गणवेश सिलाई हेतु महिला समूहों से 22 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित बालक एकलव्य छोटे मुड़पार खरसिया, संयुक्त एकलव्य बायसी धरमजयगढ़ तथा कन्या एकलव्य छर्राटांगर घरघोड़ा में अध्ययनरत व निवासरत छात्र-छात्राओं हेतु गणवेश का निर्धारित करते हुए डिजाईन एवं मापदण्ड प्रेषित की गई है। जिसे पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से सिलाई कार्य कराया जाना है। इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह अपनी कुशलता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों के साथ 22 नवम्बर 2021 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है।

### कक्षा 9 वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की तिथि में 30 नवम्बर तक हुई बढ़ोत्तरी

**रायगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर में कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों के लिए समानान्तर प्रवेश परीक्षा 2022 (लेटरल एन्ट्री टेस्ट 2022) की ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अवधि 30 नवम्बर 2021 तक बढ़ा दी गई है। कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी मुक्त में वेबसाइट https://www.nvsadmission-classnine.in/nvs/homepage व https://navodaya.gov.in/nvs/en/Home1 में जाकर आवेदन कर सकते है।

### लॉयन राजकुमार अग्रवाल जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित

**कोरबा।** समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स के पूर्व मल्टीपल वाईस चेयरमेन व नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा के चेयरमेन पीएमजेएफ लॉयन राजकुमार अग्रवाल को जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शनिवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोरए जस्टिस आरके अग्रवाल चेयरमैन फार्मर जज सुप्रीम कोर्टए जस्टिस केजी बालाकृष्णन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट व महामंडलेश्वर व लोक सभा सांसद डॉ. साक्षी महाराज ने प्रदान किया। अवार्ड प्राप्त करते समय उनकी पत्नी प्रेमलता अग्रवाल भी उनके साथ थीं।

### कंगना रनौत के खिलाफ देश द्रोह का मामला दर्ज करने ज्ञापन

**कोरबा।** भारत के सर्वोच्च पुरूस्कारों में से एक पद्मश्री पुरूस्कार से सम्मानित होने के बाद फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने जो बयान दिया उसके खिलाफजिला महिला कांग्रेस कोरबा ने मोर्चा खोल दिया है। जिला महिला कांग्रेस के पदाधिकारी कुसुम द्विवेदी, शशी अग्रवाल, गौरी चौहान, गीता महंत, मनीषा अग्रवाल, सीमा उपाध्याय, लक्ष्मी महंत, मुन्नी नायक, आरती, राजकुमारी महंत, बल कुमारी, उमा नेताम, वंदना, विजयलक्ष्मी सोनी, राजमति यादव, संतोषी पटेल, सावन बाई, मीरा चौहान, संगीता प्रजापति आदि ने रामपुर चौकी पहुंचकर कंगना रनौत के खिलाफ देश द्रोह का मामला दर्ज करने ज्ञापन सौंपा गया।

### 2.67 लाख से ज्यादा छोटे भूखंडों का पंजीयन

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन ने आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छोटे भूखंडों के पंजीयन पर लगी रोक को हटाकर 5 डिसमिल से कम के छोटे भूखंडों के पंजीयन की अनुमति दी गई है इसके फलस्वरूप ई-पंजीयन प्रणाली में आवश्यक प्रावधान किया गया है। पंजीयन विभाग ने जनवरी 2019 से 31 अक्टूबर 2021 तक कुल 2,67,612 छोटे भूखंडों के दस्तावेजों का पंजीयन किया है। पंजीयन विभाग द्वारा अचल संपत्ति के अंतरण विलेखों का पंजीयन किया जाकर राज्य के लिए स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस के रूप में राजस्व अर्जन का कार्य किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए वित्त विभाग की ओर से निर्धारित राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रूपये 1650 करोड़ है। एक अप्रैल 2021 से 31 अक्टूबर, 2021 तक पंजीयन विभाग द्वारा 902.79 करोड़ रूपये राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि गत वर्ष की इसी अवधि की राजस्व प्राप्ति 636.66 करोड़ रूपए की तुलना में 41.80 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से विभाग ने 1,46,888 दस्तावेजों को पंजीयन किया है जो गत वर्ष में पंजीबद्ध दस्तावेजों की तुलना में 30.30 प्रतिशत अधिक है। उल्लेखनीय है कि पंजीयन शुल्क से प्राप्त राशि का राज्य शासन द्वारा विभिन्न विकास, निर्माण एवं सेवा कार्यों में व्यय किया जाता है।

# उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने 78 लाख से अधिक के कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 78 लाख 15 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने इस दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि शासन प्राथमिकता से गांव व ग्रामीणों के विकास के लिए योजना बनाकर क्रियान्वित कर रही है। जिससे लोगों को गांवों में स्थानीय संसाधनों से रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कृषि को प्रोत्साहन देने फसलों के बेहतर दाम, बिजली बिल हाफ योजना, वनोपज खरीदी के समर्थन मूल्य में वृद्धि करते हुए दायरे में विस्तार करना, हाट-बाजार क्लीनिक से गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाना, सुपोषण अभियान जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार ने शासकीय विद्यालयों से अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू किया है। जिसे पहले जिला मुख्यालय में खोलने के पश्चात अब विकासखण्ड मुख्यालयों में खोला गया है। इसका आगे भी विस्तार किया जाएगा। इसी प्रकार शासन जहां एक ओर किसानों के लिए योजनाएं चला रही है वहीं गांवों में निवास करने वाले भूमिहीन श्रमिकों के लिए भी योजना शुरू की है। जिसके अंतर्गत भूमिहीन श्रमिक परिवारों को 6 हजार वार्षिक की सहायता राशि इसी वित्तीय वर्ष से मिलने जा रही है। उन्होंने इसका लाभ लेने के लिए सभी पात्र लोगों से पंजीयन कराने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर तक नल कनेक्शन विस्तार किया जा रहा है।



उच्च शिक्षामंत्री पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के चिखली, रैबार, तिलगी, ठेंगागुड़ी, सुपा एवं बड़ेभंडार गांव में पहुंचे। इस दौरान विभिन्न ग्रामवासियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा राजस्व, पंचायत तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित करते हुए लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए कहा।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर सुशील भोय, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर गोपी चौधरी, सरपंच ग्राम पंचायत चिखली श्रीमती सरस्वती रविशंकर सिदार सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन- उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने 66 लाख 30 हजार रुपये के 13 कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम चिखली में 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग एवं 5 लाख 42 हजार रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य, ग्राम-रैबार में एक लाख रुपये की लागत से बोर खनन एवं पंप स्थापना, ग्राम-तिलगी में 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय निर्माण, 6 लाख 20 हजार रुपये की लागत से मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण कार्य, 12 लाख 24 हजार रुपये की लागत से धान खरीदी केन्द्र में 6 नग चबुतरा निर्माण एवं 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण, ग्राम-ठेंगागुड़ी में 2 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण कार्य, ग्राम-सुपा में 14 लाख 78 हजार रुपये की लागत से शा.हाईस्कूल सूपा में अहाता निर्माण, 1.50 लाख रुपये की लागत से बोर खनन एवं पंप स्थापना, ग्राम-बड़ेभंडार में 3 लाख रुपये की लागत से यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कार्य एवं 8 लाख 16 हजार रुपये की लागत से धान खरीदी केन्द्र में 4 नग चबुतरा निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह 11 लाख 85 हजार रुपये की लागत से 7 कार्यों का उन्होंने शिलान्यास किया। इनमें ग्राम-चिखली में 3 लाख रुपये की लागत से यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कार्य, 2 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य, 01 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 3 में पानी टंकी निर्माण, ग्राम-रैबार में 2 लाख 35 हजार रुपये की लागत से छज्जा युक्त शेड निर्माण कार्य, 01 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी निर्माण कार्य एवं 1.50 लाख रुपये की लागत से स्ट्रीट लाईट फिटिंग कार्य एवं ग्राम-सूपा में 01 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी निर्माण कार्य शामिल है।

## अवैध कब्जे का अनूठा विरोध




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर में अवैध कब्जे का अनूठा विरोध शुरू हो गया है। यहां रिस्दी चौक के लोगों ने अवैध कब्जे के विरोध में बैनर लगा दिया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि फ्री में कब्जा करें, क्योंकि वन विभाग अंधा है और निगम सो रहा है और पर्यावरण विभाग अवैध वसूली में खोया है। लोगों का कहना है कि कई बार हम मामले को लेकर शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद हमारी कोई नहीं सुन रहा है।

दरअसल, रिसदी क्षेत्र में वन विभाग ने हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी से रिसदी चौक तक वाली रोड में कुछ साल पहले पौधा लगाया था। जिसे धीरे.धीरे काट लिया गया है। अब यह जमीन आधी से ज्यादा खाली हो गई है। कुछ पेड़ अब भी बचे हैं। मगर पिछले कुछ समय से इन खाली पड़े जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। कुछ लोगों ने यहां दुकान खोल ली है तो कुछ लोगों ने रस्सी लगाकर और राखड़ डालकर कब्जा कर लिया है। इसी बात का लोग विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा भी इस इलाके में वन विभाग की जमीन हैं, जहां अवैध कब्जा किया गया है।

## शासकीय नजूल रिक्त भूमि की नीलामी अब होगी 24 नवम्बर को

**रायगढ़।** रायगढ़ में स्थित शासकीय/नजूल रिक्त भूमि की खुली नीलामी 15 नवम्बर 2021 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में निर्धारित की गई थी। परंतु जिले में 15 नवम्बर को स्थानीय अवकाश होने के कारण उक्त तिथि में बढ़ोत्तरी करते हुए अब 24 नवम्बर 2021 को दोपहर 12 बजे से नियत की गई है। नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन नजूल अधिकारी, जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष में निर्धारित राशि की डिमांड ड्राफ्ट सहित अंतिम तिथि 24 नवम्बर 2021 को प्रातः 11 बजे तक जमा कर सकते है।

ईडन गार्डन के सामने मोदी नगर से लगकर के विनोबा नगर रायगढ़ में प्लाट नंबर 312/1, 313/1 में 11,194 वर्गफुट भूमि के लिए 70 लाख 61 हजार 600 रुपये, जेलपारा-नजूल सीट क्रमांक 59, प्लाट नंबर 29/1 में रकबा 1224 वर्गफुट भूमि के लिए 4 लाख 93 हजार 675 रुपये, मधुबनपारा-नजूल सीट क्रमांक 55, प्लाट नंबर 11 से रकबा 3000 वर्गफुट भूमि के लिए 13 लाख 7 हजार 619 रुपये तथा उसी जगह एक अन्य 1700 वर्गफुट भूमि के लिए 7 लाख 40 हजार 913 रुपये, मिट्ठुमुड़ा-प्लाट नंबर 30 में रकबा 4350 वर्गफुट भूमि के लिए 18 लाख 15 हजार 316 रुपये, दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे स्थित रामपुर बड़े में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 15,500 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजननार्थ के लिये 52 लाख 43 हजार 493 रुपये, दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित बड़े रामपुर में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 15,500 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये 35 लाख 52 हजार 58 रुपये, दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे खेत से लगकर दक्षिण-पूर्वी कोना पर है रामपुर बड़े में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 4500 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये 15 लाख 22 हजार 321 रुपये तथा दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे दक्षिण दिशा में लगकर स्थित है बड़े रामपुर में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 2442 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये 8 लाख 26 हजार 98 रुपये है।

भूमि का नक्शा और फार्म और परिशिष्ट-2 जिसमें शासकीय भूखंड का भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन/बंटन दिया जायेगा। इच्छुक खरीददारों द्वारा नजूल शाखा कार्यालय कलेक्टर रायगढ़, आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ तथा कार्यालय तहसीलदार रायगढ़ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में नीलामी के स्थान और समय पर भी देखा जा सकेगा। आबंटन हेतु अमानत राशि जमा करने वाले आवेदकगण को ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता होगी। प्रत्येक पक्षकार की ओर से आवेदक तथा उनका अभिकर्ता सहित दो व्यक्ति नीलामी में उपस्थित हो सकेंगे। नीलामी का अनुमोदन समिति के माध्यम से कलेक्टर द्वारा किया जायेगा।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

## गेंदे की खेती से मिली आमदनी ने बढ़ाया महिलाओं का आत्मविश्वास



**रायगढ़।** सामुदायिक बाड़ी ग्राम नूनदरहा तमनार में साग सब्जी की खेती के साथ फूलों की खेती महिला स्व-सहायता समूह द्वारा की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत पुष्प क्षेत्र विस्तार हेतु उद्यान विभाग के सहयोग से ढ़ाई एकड़ रकबे में गेंदा के पौधे रोपण कराए गए हैं। इन पौधों का रोपण माह सितंबर में महिला स्व-सहायता समूह ग्राम नूनदरहा तमनार द्वारा किया गया था। जिनमें फूल का उत्पादन चालू हो गया हैं तथा एकादशी के अवसर पर लगभग 25 किलोग्राम गेंदा के फूलों की पहली तोड़ाई की गई, जिसे स्थानीय बाजार में विक्रय कर 2500 रुपए की आमदनी समूह को प्राप्त हुई। बाड़ी में सब्जियों के उत्पादन होने से हरी सब्जियों की तोड़ाई होने लगी है वह भी स्थानीय स्तर पर आसानी से बिक जाते हैं। सब्जियों से भी अब तक 9 हजार रुपए की आमदनी स्व-सहायता समूह को प्राप्त हो गई है। सामुदायिक बाड़ियों में फेंसिंग सिंचाई की सुविधा होने के साथ-साथ सब्जी एवं फूलों की अच्छे दाम मिलने से स्व-सहायता समूह के महिलाओं में खेती के प्रति उत्साह व आत्मविश्वास बढ़ा है।

उल्लेखनीय है की मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी अंतर्गत रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड में ग्राम-नूनदरहा में शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में उद्यान विभाग द्वारा मनरेगा एवं सीएसआर मद से अभिसरण करते हुए सामुदायिक बाड़ी का निर्माण किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर महिला स्व-सहायता समूह को रोजगार एवं आजीविका के अवसर प्रदान करते हुए उनके आय में वृद्धि करना है ।

सहायक संचालक उद्यान डॉ.कमलेश दीवान ने बताया कि रायगढ़ जिले में फूलों की खेती में बहुत संभावनाएं हैं तथा जिले की जलवायु गेंदे की खेती हेतु उपयुक्त है। अभी भी अन्य राज्यों जैसे कोलकाता से फूलों की सप्लाई रायगढ़ में होती है। विभिन्न त्योहार एवं शादी समारोह में गेंदे की मांग देखते हुए कई कृषक फूलों की खेती में रुचि लेने लगे हैं। एक एकड़ गेंदे की खेती में 32 हजार रुपए तक की लागत आती है तथा लगभग 20 से 22 क्विंटल तक उत्पादन होता है। जिससे प्रति एकड़ एक से डेढ़ लाख रुपए तक का मुनाफा कमाया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल की तबीयत बिगड़ी

### » राजधानी स्थित निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें एयर लिफ्ट कर राजधानी रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नंद कुमार बघेल अंबिकापुर होते हुए सोमवार देर शाम ही कोरिया पहुंचे थे। उन्हें बैकुंठपुर में होने वाली सामाजिक बैठक में शामिल होना था। इससे पहले डिनर के बाद देर रात उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया।

इसकी सूचना मिलने पर कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अफसर भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया। अब मोवा स्थित बालाजी अस्पताल में उन्हें दाखिल कराया गया है, जहां उनका उपचार शुरु कर दिया गया है। फिलहाल नंद कुमार बघेल की तबीयत स्थिर बताई जा रही है।

# कोरोना को लेकर बरते सतर्कता, बढ़ाये कोविड टेस्टिंग-कलेक्टर

### » अस्पताल, मॉल और बड़ी बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी व्यवस्था की करें जांच

### » कलेक्टर सिंह ने ली विभागीय साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले में पिछले दिनों आए कोरोना के मामलों को देखते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और स्वास्थ्य विभाग को कोविड टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि शहर के विभिन्न स्थानों को चयनित कर टेस्ट किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में फायर सेफ्टी को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें निर्देश दिया कि सभी मॉल, हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी मापदण्ड को चेक किया जाए। जिससे सुनिश्चित हो कि आपातकालीन स्थिति में फायर सेफ्टी से जुड़ी व्यवस्थाएं बिल्डिंग में मौजूद हो।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने कृषि विभाग की कार्य की समीक्षा की। उन्होंने पिछले दिनों हुए बारिश के चलते फसल नुकसान के साथ ही धान कटाई के संबंध में सभी एसएडीओ से जानकारी ली। सभी अधिकारी को निर्देशित किया कि धान कटाई के साथ ही गोठानवार पैरा एकत्रित करने का कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी विकासखंडो के गोठानों में गौठान समिति, नोडल अधिकारी एवं सचिव के सहयोग से पैरा एकत्रित करने का कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। उन्होंने कृषि अधिकारी से उतेरा बीज के वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस वर्ष उतेरा के रकबे में विस्तार करना है। जिस पर अधिकारी द्वारा बताया कि तिवड़ा, सरसों बीज का वितरण किया जा चुका है। इसके साथ ही किसानों को उतेरा फसल के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने विकासखंड वार वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में कन्वर्जन रेशियों की समीक्षा की। उन्होंने खरसिया एवं घरघोड़ा के कमजोर कन्वर्जन रेशियों को सुधारने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नवीन गोठानों में गोबर खरीदी शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी गोठानों में पांच-पांच मल्टीएक्टीविटी जल्द सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर सिंह द्वारा धन्वंतरी मेडिकल स्टोर के संचालन की समीक्षा की गई। उन्होंने धन्वंतरी मेडिकल स्टोर का स्थान लोगों के लिए सुलभ एवं व्यावसायिक स्थान हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश। उन्होंने कहा कि जिन मेडिकल स्टोर की जगह व्यवस्था अनुरूप नही है, उसे व्यावसायिक स्थानों में स्थानांतरित किया जाए। इस दौरान उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर किसान न्याय योजना में छूटे किसानों की पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली तथा एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के कार्य को जल्द पूर्ण करने तथा सड़क निर्माण कार्य से संबधित प्रकिया को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि आत्मानंद स्कूल के निर्माण कार्यो का नियमित निरीक्षण करें।



कलेक्टर सिंह ने धान खरीदी से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि जिन उपार्जन केन्द्रों का समतलीकरण नहीं हुआ है, उसे जल्द किया जाए। इसके साथ ही सोसाइटियों की मूलभूत आवश्यकताओं तथा समस्याओं को शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि धान खरीदी व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। इसके साथ ही बार्डर के करीब स्थित धान केन्द्रों में अवैध धान बिक्री को रोकने के लिए पुलिस एवं आरटीओ को चेकपोस्ट बनाने तथा लगातार गाड़ियों की जांच करने के लिए निर्देशित किया।

वनअधिकार पट्टा वितरण पर चर्चा करते हुए कलेक्टर सिंह ने कहा कि वन अधिकार पट्टा नियमित रूप से वितरित किया जाना है। जिसका प्रचार-प्रसार किया जाये तथा आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने पशुधन विभाग को कृत्रिम गर्भाधान बढ़ाने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी पर समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकरण समय-सीमा में निराकृत किया जाए। इसके साथ ही उन्होने ई-नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र निर्माण को बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कोरोना अनुग्रह सहायता अनुदान राशि की समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान में वितरित अनुग्रह राशि की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही उन्होंने तहसील स्तर पर जो केस है, उन्हे जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए, ताकि जल्द उसका निराकरण किया जा सके। इस दौरान नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में रिक्त भूमि अतिक्रमण को मुक्त करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दी। कलेक्टर सिंह ने महतारी दुलार योजना अन्तर्गत एकांउट एन्ट्री की समीक्षा की। जिस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि शत-प्रतिशत एन्ट्री की जा चुकी है।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480